>

Title : Need to provide special package for drought hit areas in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने अतिअविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर बोलने का अवसर दिया। आज पूरा देश सूखे की चपेट में है। वैसे हम इस पर 28 तारीख को विस्तार से चर्चा करेंगे। उत्तर भारत इससे खास तौर से प्रभावित है। इस सूखे की स्थिति से महंगाई भी बढ़ी है। आपने देखा होगा कि दालों के दाम बढ़ गए हैं। महंगाई बढ़ने के कारण से अपराध भी बढ़े हैं। अपराधों में बराबर वृद्धि हो रही है। गरीब मजदूर, जो कि रोज कमाने-खाने वाले हैं, उनके लिए बड़ी दिक्कत है। यही नहीं पशु-पक्षी भी परेशान हैं। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और तमाम तरह की बीमारियां फैल रही हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूंगा कि ऐसे इलाकों में केन्द्रीय दल भेजा जाए। तहसील और ब्लॉक स्तर पर इसका सर्वे करवाया जाए कि कहां कितनी बारिश हुई है।

महोदया, मैं आपका ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र कौशाम्बी की तरफ करवाना चाहता हूं। इसमें तीन विधान सभा क्षेत्र हैं, बगल में प्रतापगढ़ है, जहां दो विधान सभा क्षेत्र हैं, इलाहाबाद और फतेहपुर। यह पूरा मंडल है। यह इलाका जबरदस्त सूखे की चपेट में है। हम आपसे मांग करेंगे कि केन्द्र सरकार वहां केन्द्रीय दल भेजे और विशेष पैकेज देकर पेयजल और महंगाई की समस्या पर रोक लगाने का प्रयास करे। खास तौर से पशु-पक्षी बहुत बेहाल हैं। पक्षी मर रहे हैं, न तो पशुओं के पीने के लिए पानी नहीं है, न ही चारा है। हम आपसे मांग करेंगे कि केन्द्रीय दल वहां जाए और तहसील और ब्लॉक स्तर पर सर्वे करवाकर, जहां भी सूखा है, वहां समुचित व्यवस्था करें।

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): महोदया, मैं अपने को इससे संबद्ध करता हूं।

अध्यक्ष महोदया : श्री विरेन्द्र कश्यप। आपका नाम पहले बोला गया था, लेकिन आप उपस्थित नहीं थे।